संख्या-173/2015/332आ.न.यो./9-8-15-11आ.न.यो(बजट)/2015

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी,

नगर पंचायत-जंगीपुर, जनपद-गाजीपुर/नगर पंचायत-सैदपुर, जनपद-गाजीपुर/नगर पंचायत-सादात, जनपद-गाजीपुर-नगर पंचायत-बहादुरगंज, जनपद-गाजीपुर/नगर पंचायत-बख्शी का तालाब, जनपद-लखनऊ/नगर पंचायत-महोना, जनपद-लखनऊ/नगर पंचायत-सिढपुरा, जनपद-कासगंज/नगर पंचायत-झालू, जनपद-बिजनौर/नगर पंचायत-सिद्वौर, जनपद-बाराबंकी/नगर पंचायत-जैदपुर, जनपद-बाराबंकी/नगर पंचायत-सिंगाही भडौरा, जनपद-लखीमपुर खीरी/नगर पंचायत-मेंहदावल, जनपद-लखीमपुर खीरी।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊ: दिनांक 31 मार्च, 2015

विषयः- वित्तीय वर्ष 2014-15 में आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु नगर पंचायतों को अनुदान की स्वीकृति।

महोदय,

छोटे एवं मध्यम नागर निकायों, जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम हैं, की अवस्थापना सुविधाओं यथा पेयजल, सीवरेज, ड्रेनेज, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्लाटर हाउस, सड़क, मार्ग प्रकाश, सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन कर नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओं को प्रदान करने तथा नगरो/कस्बों के समेकित एवं नियोजित विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रदेश में आदर्श नगर योजना लागू की गयी है, जिसके संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-555/नौ-5-2008-370/2006 दिनांक 24 जनवरी, 2008, कार्यालय ज्ञाप संख्या-1534/9-8-2013-4(23)आ.न.यो./10 दिनांक 28.5.2013 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या-338/नौ-8-2015-4(23)आ.न.यो./10 दिनांक 06 फरवरी, 2015 द्वारा प्रभावी दिशा-निर्देशों में सरलीकरण/संशोधन के आदेश निर्गत किये गये हैं।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में उ0 प्र0 व्यापार विकास निधि से व्यय हेतु आदर्श नगर योजना में प्रावधानित धनराशि से संलग्न सूची में अंकित विवरण के अनुसार सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त 12 नगर पंचायतों द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के सापेक्ष सम्बन्धित निकायों के सम्मुख अंकित धनराशि की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष धनराशि रूपये 500.00 लाख (रूपये पांच करोड़ मात्र) अवमुक्त किये जाने पर निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1) उक्त धनराशि कार्यालय ज्ञाप संख्या-555/नौ-5-2008-370/2006 दिनांक 24 जनवरी, 2008 दिनांक 24 जनवरी, 2008, कार्यालय ज्ञाप संख्या-1534/9-8-2013-4(23)आ.न.यो./10 दिनांक 28.5.2013 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या-338/नौ-8-2015-4(23)आ.न.यो./10 दिनांक 06 फरवरी, 2015 में आदर्श नगर योजना के संबंध में प्रख्यापित दिशा-निर्देशों के अधीन स्वीकृत की जा रही है।

(2) आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत सृजित की गयी परिसम्पत्तियों, बैंक्वेट हाल/मैरिज हाल, सामुदायिक केन्द्र, शापिंग काम्पलेक्स व दुकानों का निर्माण आदि किया जाना विशुद्व रूप से व्यापारिक गतिविधियां है। अत: इन सृजित परिसम्पत्तियों से नागर निकाय को प्राप्त होने वाली आय से अनुरक्षण/संचालन के पश्चात जो धनराशि अवशेष बचती है, उसे राजकोष में जमा किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के आहरण हेतु सम्बन्धित नागर निकायों द्वारा तत्काल बिल बनाकर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जायेगा, जिसे जिलाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी को प्रेषित किया जायेगा एवं अवमुक्त धनराशि मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकायों के आदर्श नगर योजना के संचालन हेतु निकाय द्वारा खोले गये पृथक राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में उसी दिन सीधे जमा की जायेगी।

(4) वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई, 2014 के अनुसार प्रथम किश्त की धनराशि का 75 प्रतिशत व्यय होने पर निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के पश्चात अवशेष की धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

(5) यदि निकायों के खाते में धनराशि स्थानान्तरित किये जाने की प्रकिया में कोई विलम्ब होता है तो इसके लिए सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा एवं अवमुक्त धनराशि पर मिलने वाले ब्याज की गणना कर, जिसे राजकोष में जमा किये जाने की व्यवस्था है, को सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी से जमा कराया जाएगा।

(6) नगर विकास विभाग के अन्तर्गत डेनेज से सम्बन्धित कराए जाने वाले कार्यो के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या-3788/9-5-2012-111 बजट/2010 दिनांक 09.10.2012 की व्यवस्थानुसार नगर पालिका परिषदों द्वारा रूपये 25.00 लाख तथा नगर पंचायतों द्वारा रूपये 5.00 लाख तक के डेनेज सम्बन्धी कार्य कराये जा सकेंगे। क्रमश: इससे अधिक के डेनेज सम्बन्धित कार्य सी.एण्ड. डी.एस., उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा कराये जायेंगे।

(7) यदि शासनादेश में स्वीकृत कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है तो सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी/सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे शासन/निदेशक, नगरीय निकाय को तत्काल अवगत करायें।

(8) नागर निकाय द्वारा अवस्थापना निधि/अन्य निधि से निर्मित होने वाली सडकों का निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-2087/9-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07.6.2013 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो में कहीं पर गुणवत्ता की कमी अथवा निर्धारित मानक के विपरीत कार्य कराये जाते हैं तो इसके लिए सम्बन्धित ठेकेदार, अवर अभियंता, अधिशासी अधिकारी, नागर निकाय के अध्यक्ष तथा प्रभारी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत बराबर के उत्तरदायी होंगे।

(10) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराव होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। इसका उल्लेख टेण्डर की शर्तो में किया जायेगा।

(11) स्वीकृत कार्यो को शासन द्वारा अनुमोदित लागत पर ही पूर्ण कराया जायेगा। शासन द्वारा स्वीकृत लागत के सापेक्ष यदि कम धनराशि अवमुक्त की गयी है, तो उक्त कार्य को योजनान्तर्गत स्वीकृत अन्य कार्यो की बचतों/निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों से पूर्ण कराया जायेगा।

(12) स्वीकृत किये जा रहे कार्यो के कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्पले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(13) स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्य पर ही व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन किसी भी दशा में सूची में अंकित कार्यो से अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत कार्य यदि किसी अन्य योजना में सम्मिलित है, तो प्रश्नगत धनराशि आहरण करने से पूर्व समस्त अभिलेखों सहित तत्काल शासन को समर्पित कर दी जाय।

http://shasanadesh.up.nic.in

(14) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों द्वारा किया जायेगा।

(15) वित्तीय मामलों से संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/ सहायक लेखाधिकारी अथवा लेखा का कार्य देखने वाला अन्य अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे।

(16) आंकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित स्थानीय निकाय का होगा। अतएव विभिन्न स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा अवधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(17) इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के पूर्ण होने के उपरान्त उसकी गुणवत्ता की चेंकिग कराकर वित्तीय वर्ष 2014-15 में स्वीकृत कुल धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन/निदेशालय/महालेखाकार को दिनांक 31 मार्च, 2015 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक-"2217-शहरी विकास-03-छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास-193-नगर पंचायतों/अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उसके समतुल्य निकायों को सहायता-04-उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय-01- आदर्श नगर विकास योजना-35- पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान" के नामे डाला जायेगा तथा रूपये 500.00 लाख का व्यय अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक-"2217 शहरी विकास-आयोजनागत-80सामान्य-800-अन्य व्यय-10-पशुवधशालाओं का आधुनिकीकरण-35-पूंजीगज परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान" में उपलब्ध बचतों से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई, 2014 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहें है।

भवदीय

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या-173/2015/332(1)आ.न.यो./9-8-15 तददिनांक ।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग।
3. सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उत्तर प्रदेश्, इलाहाबाद।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 एवं 9/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

http://shasanadesh.up.nic.in

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
1	गाजीपुर	न.पं. जंगीपुर	गांधी आश्रम ट्रान्सफार्मर से अफजलपुर सीमा तक इण्टरलाकिंग पेवर व्लाक दीवाल व नाली का निर्माण कार्य।	10.08	10.08		
			वार्ड संख्या-3 राजेश कश्यप के खेत से बद्री कोहार के खेत तक इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक दीवाल व नाली का निर्माण कार्य।	09.92	09.92		
			मेल्हू यादव के घर से फारूक शाह के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक दीवाल व नाली का निर्माण कार्य।	11.55	11.55		
			वार्ड संख्या-6 मुनीब वर्मा के घर से माता जुबैदा शहीद बालिका स्कूल होते हुए इन्द्रप्रस्थ गुप्ता के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक दीवाल व नाली का निर्माण कार्य।	07.08	07.08		
			वार्ड नम्बर-3 फत्ती कुशवाहा के खेत से देवकठिया पिच रोड तक (अम्बेडकरनगर) इण्टरलाकिग पेवर ब्लाक दीवाल व नाली का निर्माण कार्य।	15.13	15.13		
			रामजानकी के पोखरे का सुन्दरीकरण भाग-1	27.75	27.75		
			रामजानकी के पोखरे का सुन्दरीकरण भाग-2	27.54	27.54		
			रामजानकी पोखरे पर रबर मोल्डिंग इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य।	16.79	16.79		
			रामजानकी पोखरे के प्रांगण में मिटटी भराई यू टाईप नाली व दीवाल का निर्माण कार्य।	26.85	26.85		
			इाईमाक्स 9 मीटर टयूबलर पोल एल0ई0डी0 54 वाट हैवेल्स कम्पलीट फाउण्डेशन के साथ 20 नग।	30.00	30.00		
			एल0ई0डी0 फिटिाग 48 वाट हैवेल्स कम्पलीट क्लैम्प बैण्ड के साथ 80 नग।	14.28	14.28		
			योग-		**196.97**	**196.00**	**40.00**

http://shasanadesh.up.nic.in

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
2	गाजीपुर	न.पं. सैदपुर	वार्ड संख्या-4 छोटू राम के खेत से बलिराम पासी तक लिंक रोड शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	19.45	19.45		
			वार्ड संख्या-11 स्वामी नाथ यादव के खेत से काली मंदिर तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	17.00	17.00		
			वार्ड संख्या-11 सादात रोड सिंचाई विभाग के बाउण्ड्री से शिवकुमार पप्पू के घर तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	16.39	16.39		
			वार्ड संख्या-4 शमशेर के घर से राजकीय डिग्री कालेज के बाउण्ड्री तक लिंक रोड शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	22.51	22.51		
			वार्ड संख्या-11 सियाराम यादव के घर से छोटेलाल यादव के खेत तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	18.84	18.84		
			वार्ड संख्या-4 छेदी मौर्या के खेत से सामू राम के खेत कि लिंक रोड शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	19.45	19.45		
			योग-		**113.64**	**113.00**	**30.00**

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
3	गाजीपुर	न.पं. सादात	वार्ड संख्या-1 पशु अस्पताल से त्रिपुरारी राय तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	18.78	18.78		
			वार्ड संख्या-11 रामकिशुन यादव के घर से लोथई गोड़ के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर ब्लाक व दीवाल का निर्माण कार्य।	20.09	20.09		
			वार्ड संख्या-1 नर्वदेश्वर राय के घर से डोरा पिच रोड तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	19.39	19.39		
			वार्ड संख्या-1 करबला से सेचन यादव के पम्पिंग सेट से डेरा बाग तक शून्य से पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	27.94	27.94		
			योग-		**67.42**	**67.00**	**20.00**
4	गाजीपुर	न.पं. बहादुरगंज	खरवां कुटी से मजार तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य।	17.60	17.60		
			केशव के घर से कारी हातिम होते हुए पी0डब्लू0डी0 रोड तक इण्टरलाकिंग रोड दीवाल व यू-टाईप नाली निर्माण कार्य।	26.87	26.87		
			खरवां कुटी पार्ट-2 इण्टरलाकिंग व पेवमेन्ट वाल का निर्माण कार्य।	24.15	24.15		
			वार्ड संख्या-1 पुरानीगंज कब्रिस्तान से (चेनेज 0.000 से 0.400 कि0मी0) पी0डब्लू0डी0 रोड तक पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	27.84	27.84		
			वार्ड संख्या-1 पुरानीगंज कब्रिस्तान से (चेनेज 0.401 से 0.700 कि0मी0) पी0डब्लू0डी0 रोड तक पिच स्तर तक सड़क निर्माण कार्य।	21.14	21.14		
			योग-		**100.00**	**100.00**	**25.00**

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://sirsanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
5	लखनऊ	न.पं. बख्शी का तालाब	रूदही में बाजार रोड पर सुनील श्रीवास्तव के मकान से कृपाशकर चौबे के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य।	08.37	08.37		
			भौली में प्रा0 विद्यालय से महेन्द्र सिंह के मकान तक डामर रोड एवं रमई के मकान से कन्हैया लाल वर्मा के मकान तक व रामपाल रावत व गोपाल मिश्रा के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	20.37	20.37		
			रूदही में बेचा लाल की चक्की से सुरेन्द्र कुमार के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य।	04.47	04.47		
			रूदही में संतोष के मकान से ज्ञानेन्द्र प्रताप मौर्य के मकान तक नाली का निर्माण कार्य।	03.67	03.67		
			गोपाल विहार कालोनी में शीतलापाल के मकान से जे0एल0 शाह राजकुमार गुप्ता, मोहन सिंह के मकान होते हुए सीतापुर रोड तक नाली एवं मुन्नू गुप्ता एवं मैकू गुप्ता के गली में इण्टरलाकिंग का कार्य।	18.97	18.97		
			अकोहरी में दयाराम यादव के मकान से राधेलाल के मकान होते हुए रामसनेही के मकान तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य।	09.24	09.24		
			तरहिया में बालकिशन के मकान से रामस्वरूप के मकान तक, बब्लू के मकान से भीमसिंह के मकान तक व रामकुमार के मकान से रमेश गुप्ता के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	12.31	12.31		
			भौली में सरस्वती शिशु मन्दिर से प्रकाश सिंह के मकान होते हुए सैरपुर चौराहा तक सड़क का सुधार कार्य।	41.28	41.28		
			देवरई कला में ऋषि गार्डेन रोड से तहसील रोड तक एवं सहारा क्यू गोदाम के पीछे तक सड़क का कार्य।	57.28	57.28		
			देवरई कला में चन्द्रिका देवी मार्ग से चेतराम के मकान तक सड़क का निर्माण कार्य।	10.51	10.51		

http://shasanadesh.up.nic.in

			ज्वारगांव में छोटेसिंह के मकान से नरपत सिंह के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क व अनुरूद्व यादव के मकान के पास नाली का निर्माण कार्य।	11.58	11.58		
			सैनिक विहार कालोनी में रमन सिंह के मकान से चन्द्रशेखर यादव, कन्हैयालाल सैनी के मकान से ए0के0 सिंह के मकान तक व रामध्यान यादव व ब्रहमनन्द उपाध्याय के मकान के पास नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का कार्य।	16.33	16.33		
			मां0 चन्द्रिका विहार कोलानी फेस-2 में एयरफोर्स रोड से शर्मा कम्पयूटर होते हुए एस0के0 पाल के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य।	20.68	20.68		
			मूसानगर में बुद्दूसिंह के मकान से राजेश के मकान तक एवं रामतेज के मकान से दरोगा जी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	13.47	13.47		
			मूसानगर में ह्रदयनरायन तिवारी के मकान से गुलशन के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	13.56	13.56		
			योग-		**262.09**	**262.00**	**60.00**

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
6	लखनऊ	न.पं. महोना	नगर पंचायत महोना, में विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु।	90.20	90.20		
			योग-		**90.20**	**90.00**	**25.00**
7	कासगंज	न.पं. सिढपुरा	डी0पी0एस स्कूल से सैलई मोड तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	23.03	23.03		
			नाले से गेट तक पश्चिमी साडड पटरी तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	15.77	15.77		
			दिनेश प0 जी से पटियाली रोड गेट तक पूर्वी साइड पटरी तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	22.68	22.68		
			गुप्ता जी के मकान से मोहनपुर मोड पश्चिमी पटरी तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	26.63	26.63		
			चैतन्य से मोहनपुर मोड तक पूर्वी पटरी तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	11.01	11.01		
			पटियाली रोड पूर्वी पटरी मेहतर वाली गली से दिनेश प0 जी के मकान तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	18.52	18.52		
			डा0 राजेन्द्र सिंह की दुकान से पुलिया तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	27.54	27.54		
			गंज रोड से भानू के खेत तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	11.75	11.75		
			किशन की चक्की से रक्षपाल व पं0 के मकान तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	08.58	08.58		
			गुप्ता जी से मोनू चौहान के टयूवेल तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	08.85	08.85		
			सर्वेश टेलर के मकान से पटियाली रोड तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	06.88	06.88		
			सैलई मौड से पप्पू के मकान तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	07.60	07.60		
			पूर्वी साईड नाले से बबलू के मकान तक 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	10.83	10.83		
			नाले से गेट तक पूर्वी साईड पटरी 80 एम0एम0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	15.77	15.77		
			योग-		**215.44**	**200.00**	**50.00**

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव।

http://shasandesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
8	बिजनौर	न.पं; झालू	30 केडब्लू एसपीवी आफ ग्रिड पावर प्लान्ट बेटरी बैंक सहित 02 नग।	192.60	192.60		
			300 वाट हाई मास्ट लाईट स्थापना कार्य 06 नग।	08.83	08.83		
			योग-		**201.43**	**200.00**	**50.00**
9	बाराबंकी	न.पं. सिद्वोर	मो0 लम्बौआ में बच्चा पण्डित से बरादारी से होते हुए भगौती कैशियर तक जैदपुर मेन रोड के उत्तरी दिशा में पेवर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	21.69	21.69		
			मो0 लम्बौआ में राम कुमार निगम के मकान से करीमुल्ला निकट मील चौराहा उत्तरी दिशा में पेवर इण्टरलाकिंग फुटपाथ निर्माण कार्य।	11.74	11.74		
			मो0 सिद्वेश्वर में पिन्टू यादव के दुकान के सामने उत्तरी दिशा में रिग्धी मन्दिर तक जैदपुर मेन रोड के किनारे पेवर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	35.21	35.21		
			मो0 पश्चिम कटरा में ब्लाक मोड से राजेन्द्र नाई की दुकान से होते हुए गोमती निगम की दुकान तक पेवर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	35.82	35.82		
			नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट कार्य हेतु	50.44	50.44		
			मोहल्ला लम्बाऊवा में बरात घर से महमूदपुर रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	17.68	17.68		
			मोहल्ला अमहट में शंकर के घर से इस्माइल के खेत होते हुए कल्लू के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	33.29	33.29		
			योग-		**205.87**	**200.00**	**50.00**

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
10	बाराबंकी	न.पं. जैदपुर	मो0 बडी बाजार में हलीम किराना स्टोर की दुकान से भारत गैस एजेन्सी होते हुए थाना चौराहा जैदपुर बाराबंकी मेन रोड के किनारे इण्टरलाकिंग फुटपाथ निर्माण कार्य।	34.70	34.70		
			मो0 बडी बाजार में अतीक कपडे वाले की दुकान से रचना पैलेस होते हुए थाना चौराहा जैदपुर बाराबंकी मेन रोड के किनारे इण्टरलाकिंग फुटपाथ निर्माण कार्य।	34.51	34.51		
			मो0 मोलवी कटरा में जैदपुर सिद्दौर मेन रोड पर बजाज एजेन्सी से मुन्ना आतिश बाज तक इण्टरलाकिंग फुटपाथ निर्माण कार्य।	29.36	29.36		
			मो0 चमरहिया में जैदपुर सिद्दौर मेन रोड पर लल्लन चक्की वाले से नगर पंचायत पानी टंकी तक इण्टरलाकिंग फुटपाथ निर्माण कार्य।	28.89	28.89		
			नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट कार्य हेतु	77.91	77.91		
			योग-		**205.37**	**200.00**	**50.00**

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-173/2015/332आ.न.यो./नौ-आठ-2015-11आ.न.यो.(बजट)/2015 दिनांक 31 मार्च,2015 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत (रूपये लाख में)	मूल्यांकित लागत (रूपये लाख में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (रूपये लाख में)	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि (रूपये लाख में)
11	लखीमपुर खीरी	न.पं. सिंगाही भडौरा	नगर पंचायत सिंगाही भैडौरा में क्यून मैरी गल्स कालेज से दीपक सक्सेना के मकान तक इलेक्ट्रीशन वर्क फार प्राइवेडिंग वैंडिग पोल 46 नग।	61.13	61.13		
			नगर पंचायत सिंगाही भैडौरा में क्यून मैरी गल्स कालेज से संजय पंत के मकान तक इलेक्ट्रीशन वर्क फार प्राइवेडिंग वेडिंग पोल 36 नग।	22.97	22.97		
			वार्ड नम्बर-8 रफीक कुरैशी के मकान से मजीद कुरैशी के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य।	18.92			
			वार्ड नम्बर-6 में कादिम के चौराहे से फारूख बस स्टाप तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	38.61			
			वार्ड नम्बर-11 हरी गुप्ता के मकान से चुन्ना के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक निर्माण कार्य।	25.90			
			वार्ड नम्बर-9 में विनय नरसिंह राना के मकान से संकट हरन मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य।	26.53			
			विद्याधर पंडित के मकान से प्राथमिक विद्यालय होते हुए नौरंगाबाद रोड तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	23.56			
			योग-		**217.62**	**200.00**	**50.00**
12	संतकबीरनगर	न.पं. मेंहदावल	तहसील के सामने सड़क के दोनों पटरी पर इण्टरलाकिंग कार्य एवं नाले का आउट फाल निर्माण कार्य मंझारीया नाले तक।	232.44	232.44		
			योग-		**232.44**	**232.00**	**50.00**
			कुल योग-				**500.00**

(रूपये पांच करोड़ मात्र)

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in